राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के अनुरूप तैयार

हिंदी में परास्नातक पाठ्यक्रम

शिक्षण सत्र 2024-2025 से प्रभावी

हिन्दी विभाग

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, दोइमुख, ईटानगर- 791112

परास्नातक कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम प्रारूप (राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020)

1.0. प्रस्तावना

पाठ्यक्रम निर्माण समिति (BoS) हिंदी विभाग, राजीव गाँधी विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में इस पाठ्यक्रम का निर्माण किया गया है। इस पाठ्यक्रम की संरचना इस प्रकार की गई है कि इसके अध्ययन के पश्चात हिंदी साहित्य के विद्यार्थी यह जान सकेंगे कि साहित्य का अध्ययन कैसे किया जाए, उसकी समीक्षा कैसे की जाए और दिए गए पाठ को पढ़ने की समझ किस प्रकार विकसित की जाए ताकि विद्यार्थी, साहित्य के उद्देश्य से भली-भाँति परिचित हो सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अनुरूप स्नातक (UG) और परास्नातक (PG) दोनों स्तरों पर पुनर्गठित उपाधि कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार स्नातक उपाधियाँ तीन अथवा चार वर्ष की हो सकती हैं। समयावधि के अनुसार ये सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या उपाधि हो सकती हैं : रोजगारपरक एवं उद्यमी क्षेत्रों सहित किसी विशिष्ट अनुशासन या क्षेत्र में एक वर्ष के अध्ययन के बाद स्नातक प्रमाणपत्र; दो वर्ष के बाद स्नातक डिप्लोमा या तीन वर्ष का पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर स्नातक की उपाधि। हालाँकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार वर्षीय बहुअनुशासनिक स्नातक कार्यक्रम (FYUP) को प्राथमिकता देती है जिससे चयनित मेजर और माइनर विषयों के अध्ययन के साथ-साथ विद्यार्थियों को एक व्यापक और अंतरअनुशासनिक शिक्षा प्रदान की जा सके। चार वर्षीय बहुअनुशासनिक स्नातक कार्यक्रम में शोध के साथ स्नातक उपाधि का विकल्प भी रहेगा।

स्नातक कार्यक्रमों के उपर्युक्त पुनर्संयोजन के अनुरूप, उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) को परास्नातक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने की स्वतंत्रता प्रदान की गयी है। दो वर्षीय इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह अवसर प्राप्त होगा कि वे दूसरे वर्ष में शोध केन्द्रित अध्ययन भी कर सकेंगे। चार वर्षीय प्रतिष्ठा स्नातक कार्यक्रम/ चार वर्षीय शोध के साथ प्रतिष्ठा स्नातक कार्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए एकवर्षीय परास्नातक कार्यक्रम प्रस्तावित है।

टेबल 1 : परास्नातक कार्यक्रम के लिए क्रेडिट अर्हता एवं पात्रता

क्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	स्तर	क्रेडिट	क्रेडिट अंक
1.	परास्नातक डिप्लोमा	6	40	240
2.	चार वर्षीय स्नातक के बाद एक वर्ष का परास्नातक	6.5	40	260
3.	तीन वर्षीय स्नातक के बाद दो वर्ष का परास्नातक	6.5	40+40	260
4.	चार वर्षीय स्नातक के बाद 2 वर्ष का परास्नातक	7	40+40	280

परास्नातक कार्यक्रम के लिए ढांचागत मॉडल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अनुरूप निर्मित इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत परास्नातक के तीन मॉडल होंगे- मॉडल 1. दो वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम (शोध), मॉडल-2. दो वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम (कोर्स वर्क तथा शोध) एवं मॉडल-3. दो वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम (कोर्स वर्क- केवल विषय विशेष का अध्ययन)। परास्नातक पाठ्यक्रम के विभिन्न मॉडलों में पाठ्यक्रम की रूपरेखा का विवरण इस प्रकार है :

मॉडल-1. इस मॉडल के अंतर्गत परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, प्रथम एवं द्वितीय सत्र के अध्ययन के पश्चात 40 क्रेडिट प्राप्त कर यदि पाठ्यक्रम को छोड़ देते हैं तो ऐसे छात्रों को परास्नातक में डिप्लोमा की उपाधि दी जाएगी। शेष छात्र तृतीय एवं चतुर्थ सत्रों में कुल 40 क्रेडिट की शोध परियोजना पूर्ण करेंगे। ऐसे छात्रों को शोध सहित परास्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने चार वर्षीय स्नातक (शोध के साथ) की उपाधि प्राप्त की है, वे परास्नातक के इस मॉडल के अंतर्गत सीधे तृतीय सत्र में प्रवेश ले सकते हैं, बशर्ते वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी अर्हताओं को पूर्ण करते हों।

मॉडल-2. इस मॉडल के अंतर्गत परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, प्रथम एवं द्वितीय सत्र की पढ़ाई के पश्चात 40 क्रेडिट प्राप्त कर यदि पाठ्यक्रम को छोड़ देते हैं तो ऐसे छात्रों को परास्नातक में डिप्लोमा की उपाधि दी जाएगी।
शेष विद्यार्थी, तृतीय सत्र में 20 क्रेडिट का विषय केन्द्रित पत्र पढ़ेंगे एवं चतुर्थ सत्र में 20 क्रेडिट की शोध परियोजना पूर्ण करेंगे। ऐसे छात्रों को परास्नातक की उपाधि (विषय विशेष तथा शोध) प्रदान की जाएगी। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने चार वर्षीय स्नातक (शोध के साथ) की उपाधि प्राप्त की है, वे परास्नातक के इस मॉडल के अंतर्गत सीधे तृतीय सत्र में प्रवेश ले सकते हैं, बशर्ते वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी अर्हताओं को पूर्ण करते हों।

मॉडल-3. इस मॉडल के अंतर्गत परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, प्रथम एवं द्वितीय सत्र की पढ़ाई के पश्चात 40 क्रेडिट प्राप्त कर यदि पाठ्यक्रम को छोड़ देते हैं तो ऐसे छात्रों को परास्नातक में डिप्लोमा की उपाधि दी जाएगी। शेष विद्यार्थी, तृतीय तथा चतुर्थ सत्र के अंतर्गत कुल 80 क्रेडिट का पाठ्यक्रम पढ़ेंगे। ऐसे विद्यार्थी चार सत्र की पढ़ाई के पश्चात हिंदी विषय में परास्नातक की उपाधि प्राप्त करेंगे। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने चार वर्षीय स्नातक (विषय विशेष) की उपाधि प्राप्त की है, वे परास्नातक के इस मॉडल के अंतर्गत सीधे तृतीय सत्र में प्रवेश ले सकते हैं, बशर्ते वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी अर्हताओं को पूर्ण करते हों।

विवरण :

तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत द्विवर्षीय परास्नातक कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों के पास निम्नलिखित विकल्प होंगे - 1. प्रथम और द्वितीय सत्र में विषय अध्ययन तथा तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में केवल शोध परियोजना, 2. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सत्र में मूल विषय अध्ययन सहित चतुर्थ सत्र में शोध परियोजना, 3. प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में केवल मूल विषय अध्ययन।

इसी तरह, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण कर परास्नातक के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के पास निम्नलिखित विकल्प होंगे- 1. शोध परियोजना, 2. मूल विषय अध्ययन के साथ शोध परियोजना, 3. मूल विषय अध्ययन।

टेबल 2 : परास्नातक कार्यक्रम हेतु पाठ्यक्रम एवं क्रेडिट ढांचा

पाठ्यक्रम –विवरण		हिंदी में द्विवर्षीय परास्नातक कार्यक्रम न्यूनतम क्रेडिट			
		पाठ्य स्तर	पाठ्यक्रम	शोध प्रबंध / शोध परियोजना/ पेटेंट	कुल क्रेडिट
द्विवर्षीय परास्नातक/परास्नातक डिप्लोमा (लेवेल 6.0) का प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सत्र)		400	20	-	40
		400	20		
यदि कोई विद्यार्थी प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सत्र) के पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के पश्चात् कार्यक्रम को छोड़ना चाहे तो उन्हें परास्नातक डिप्लोमा की उपाधि दी जाएगी।					
द्विवर्षीय परास्नातक का दूसरा वर्ष (तृतीय एवं चतुर्थ सत्र)	केवल शोध (मॉडल 1)	500	-	40	40
	विषय विशेष के साथ शोध (मॉडल 2)	500	20	20	40
	केवल विषय अध्ययन (मॉडल 3)	500	20	20	40

पाठ्यक्रम स्तर

- 400-499 : स्नातक स्तर के चौथे वर्ष अथवा परास्नातक के प्रथम वर्ष के सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक पाठ्यक्रमों में व्याख्यान के साथ उन्नत एवं संवर्धित पाठ्यक्रम, आनुभविक ज्ञान, संगोष्ठी आधारित पाठ्यक्रम, अवधि पत्र, शोध प्रविधि, उन्नत प्रयोगशाला/सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण, शोध परियोजना, हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण, इंटर्नशिप/अप्रेंटशिप परियोजना आदि शामिल होगी।
- 500-599 : चार वर्षीय स्नातक की उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को परास्नातक स्तर पर अपने मूल विषय के मेजर या विशेषज्ञता प्राप्त क्षेत्र में अध्ययन अथवा अनुसन्धान के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा।

1.5 अकादमिक सुगमता

- अकादमिक सुगमता राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की एक बड़ी विशेषता है। हिंदी में परास्नातक करने का लाभ यह है कि यह विद्यार्थियों को बहुत विकल्प प्रदान करता है, जैसे- ऑनलाइन कार्यक्रमों में प्रवेश लेना, एक साथ दो स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का अध्ययन करना, कार्य अनुभव को क्रेडिट रूप में शामिल करना आदि। इसके अतिरिक्त यह महत्वपूर्ण बात है कि विद्यार्थी अपनी वर्तमान जिम्मेदारियों के साथ-साथ पूर्ण रूप से ऑनलाइन स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं। इसके द्वारा अपना काम करते हुए स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करना आसान और सुगम हो जाता है।
- विद्यार्थी एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं, जैसे- 1) भौतिक मोड में दो पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम, बशर्ते कि दोनों कार्यक्रमों की कक्षाओं का समय एक साथ न हो। 2) एक विद्यार्थी एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रम, एक पूर्णकालिक - भौतिक माध्यम में और दूसरा मुक्त और दूरस्थ अध्ययन (ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग - ODL)/ ऑनलाइन में या एक साथ दो मुक्त और दूरस्थ अध्ययन (ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग -ODL) पाठ्यक्रम/ ऑनलाइन कार्यक्रमों का अध्ययन कर सकता है। मुक्त और दूरस्थ अध्ययन (ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग -ODL)/ ऑनलाइन माध्यम के तहत डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम केवल ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा दिये जाएंगे जिन्हें ऐसे कार्यक्रम चलाने के लिए यूजीसी/ सांविधिक परिषद / भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है।
- विषय विशेष में प्रासंगिक कार्य अनुभव का क्रेडिटीकरण (स्वीकार करना) शिक्षा को अधिक समग्र बनाने की एक और पहल है। UGC-NCrF किसी व्यक्ति द्वारा किसी विशेष शैक्षिक कार्यक्रम को करने के उपरांत, उसके अनुभव के तहत प्राप्त क्रेडिट को स्वीकृति प्रदान करता है । यदि कोई शिक्षार्थी रोजगार के माध्यम से प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव प्राप्त कर चुका है तथा विषय विशेष में परास्नातक के अध्ययन में उसका क्रेडिटीकरण चाहता है तो मूल्यांकन के बाद कार्य अनुभव को क्रेडिट किया जा सकता है। तदनुसार, उस अवधि को राजीव गांधी विश्वविद्यालय द्वारा समायोजित भी किया जा सकता है। इस प्रक्रिया के तहत प्रदान किया जाने वाला अधिकतम वेटेज दो (2) है यानी एक विद्यार्थी/ प्रशिक्षित व्यक्ति अधिकतम आधार योग्यता / कौशल के लिए अर्जित क्रेडिट के बराबर क्रेडिट अर्जित कर सकता है, बशर्ते उसके पास एक निश्चित संख्या से अधिक वर्षों का कार्य अनुभव हो। हालाँकि, अर्जित क्रेडिट का प्रतिदान राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCrF) में दिए गए मूल्यांकन बैंड (वर्ग) के सिद्धांत पर आधारित होगा।
- विभिन्न पार्श्व प्रवेश (Lateral Entry) विकल्पों के साथ क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर गतिशीलता (Horizontal and Vertical Mobility) को सक्षम करने वाले कई स्तरों पर उच्च शिक्षा में प्रवेश या प्रवेश के लिए अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार क्रेडिट पॉइंट्स का उपयोग किया जा सकता है।
- प्रासंगिक अनुभव और व्यावसायिक स्तरों सहित प्रासंगिक अनुभवात्मक शिक्षा के आधार पर शिक्षार्थी द्वारा अर्जित क्रेडिट की गणना करने का सिद्धांत और उद्योग (इंडस्ट्री) में शिक्षार्थी/छात्र द्वारा प्राप्त प्रवीणता स्तर (शैक्षणिक ग्रेड/कौशल-आधारित कार्यक्रम के पूरा होने के बाद) नीचे दी गई तालिका 1.5.1 में दिया गया है।

1.5.1 प्रासंगिक अनुभव/ प्रवीणता के लिए क्रेडिट कार्यभार

अनुभव एवं प्रवीणता स्तर	प्रासंगिक अनुभवात्मक शिक्षा का विवरण जिसमें अर्जित प्रासंगिक अनुभव और व्यावसायिक स्तर तथा प्रवीणता स्तर प्राप्त करना शामिल है	वेटेज/गुणन कारक	अनुभव के वर्षों की संख्या (केवल सांकेतिक)
प्रशिक्षित/ योग्यता प्राप्त	कोई व्यक्ति जिसने पाठ्यक्रम/शिक्षा/प्रशिक्षण पूरा कर लिया हो और उसे किसी विशेष कार्य या गतिविधि के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया गया हो।	1	1 वर्ष से कम या बराबर
प्रवीण	प्रवीण का अर्थ होगा किसी विशेष पेशे, कौशल या ज्ञान में उन्नति का स्तर होना।	1.33	1वर्ष से अधिक या 4 वर्ष से कम
विशेषज्ञ	विशेषज्ञ का अर्थ है व्यापार या पेशे में उच्च स्तर का ज्ञान और अनुभव होना।	1.67	4 वर्ष से अधिक या 7 वर्ष से कम
निपुण	निपुण वह व्यक्ति होता है जिसके पास किसी विषय/ कार्यक्षेत्र। का असाधारण कौशल या ज्ञान होता है।	2	7 वर्ष से अधिक

1.6 मूल्यांकन प्रक्रिया

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में योगात्मक मूल्यांकन के बजाय रचनात्मक और सतत मूल्यांकन पर जोर दिया गया है। इसलिए, मूल्यांकन की योजना में इन दो प्रकार के मूल्यांकन के घटक होंगे। पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थी द्वारा प्राप्त किए जाने वाले अधिगम के परिणामों के साथ मूल्यांकन का सहसंबंध होना चाहिए। इसलिए, मूल्यांकन की पद्धति और प्रणाली को अधिगम की उपलब्धियों (Learning Outcomes) द्वारा निर्देशित होना चाहिए।

1.6.1 पाठ्यक्रम मूल्यांकन/आकलन

हिंदी में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रत्येक पाठ्यक्रम के मूल्यांकन/आकलन के लिए अंक वितरण के रूप में मूल्यांकन प्रणाली को क्रेडिट प्रणाली में दर्शाया गया है।

1.7 लेटर ग्रेड और ग्रेड पॉइंट

सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट औसत (SGPA) की गणना किसी दिए गए सत्र में छात्र के प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त ग्रेड से की जाती है। SGPA वर्तमान अवधि के ग्रेड पर आधारित है, जबकि संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (CGPA) अध्ययन के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लिए गए सभी पाठ्यक्रमों के कुल ग्रेड पर आधारित है। उच्च शिक्षा संस्थान छात्रों के लाभ के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्राप्त अंकों और सभी सत्रों में प्राप्त अंकों के आधार पर अंकों का भारित औसत (weighted average) भी बता सकते हैं।

Letter Grade	Grade Point
O (Outstanding)	10
A+ (Excellent)	9
A (Very Good)	8
B+ (Good)	7
B (Above Average)	6
C (Average)	5
P (Pass)	4
F (Fail)	0
Ab (Absent)	0

1.7.1 SGPA और CGPA की गणना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत (SGPA) और संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (CGPA) की गणना के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया की सिफारिश करता है:

i. **SGPA-** किसी विद्यार्थी द्वारा लिए गए सभी पाठ्यक्रमों में प्राप्त ग्रेड पॉइंट के साथ क्रेडिट की संख्या के गुणनफलों के योग को उस विद्यार्थी द्वारा पूरे किये गए सभी पाठ्यक्रमों की कुल क्रेडिट संख्या से भाग देकर **SGPA** प्राप्त होगा। जैसे -

$$\mathbf{SGPA(Si)=\sum (CixGi)/\sum Ci}$$

-यहाँ Ci, कोर्स के क्रेडिट की संख्या है और Gi, कोर्स में छात्र द्वारा प्राप्त ग्रेड पॉइंट है।

SGPA की गणना का उदाहरण इस प्रकार है:

सत्र	पाठ्यक्रम	क्रेडिट	लैटर ग्रेड	ग्रेड पॉइंट	(क्रेडिट x ग्रेड)
1					
1	पाठ्यक्रम 1				
1	पाठ्यक्रम 1				
1	पाठ्यक्रम 1				
1	पाठ्यक्रम 1				
1	पाठ्यक्रम 1				
		20			**139**
SGPA					**139/20=6.95**

ii संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (CGPA) की गणना भी उसी तरीके से की जाती है। इसमें विद्यार्थी द्वारा कार्यक्रम के सभी सत्रों में प्राप्त किए गए सभी पाठ्यक्रमों के क्रेडिट को ध्यान में रखा जाता है, जैसे

$$\mathbf{CGPA=\sum (CixSi)/ \sum Ci}$$

यहाँ Si उस सत्र का SGPA है तथा Ci उस सत्र में कुल क्रेडिटों की संख्या है।

SGPA की गणना के लिए उदाहरण इस प्रकार है :

Semester1	Semester2	Semester3	Semester4

SGPA और CGPA को 2 दशमलव अंकों तक पूर्णांकित किया जाएगा और प्रतिलेख में दर्ज किया जायेगा।

पाठ्यक्रम का शैक्षिक उद्देश्य [Programme Educational Objective (PEO)]

1. विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के इतिहास और परम्परा से परिचित कराना।
2. विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के उद्भव और विकास सेअवगत कराना।
3. विद्यार्थियों को साहित्य सिद्धांत और साहित्य समालोचना से परिचित कराना।
4. विद्यार्थियों को विभिन्न कालखंडों की हिंदी कविता और उनके रचनाकारों के बारे में जानकारी देना।
5. विद्यार्थियों को विभिन्न कालखंडों के हिंदी गद्य तथा उनके रचनाकारों से अवगत कराना।
6. राष्ट्रीय चेतना की कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय संस्कृति के प्रति चेतना जागृत करना।
7. विद्यार्थियों में प्रयोजनमूलक हिंदी के अध्ययन द्वारा हिंदी शिक्षण और लेखन कौशल को प्रोत्साहित करना।
8. भारतीय साहित्य के अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों में बहुभाषिकता एवं बहु सांस्कृतिकता की भावना का विकास करना।
9. लोक साहित्य के अध्ययन के माध्यम से लोक साहित्य के संग्रहण और विश्लेषण को बढ़ावा देना साथ ही अरुणाचल प्रदेश के लोक साहित्य के अध्ययन को प्रोत्साहित करना।
10. पटकथा लेखन, समाचार लेखन, दृश्य-श्रव्य माध्यम लेखन एवंविज्ञापन लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों में रोजगारपरकता को बढ़ावा मिलेगा।
11. प्रवृत्ति केन्द्रित एवं साहित्यकार केन्द्रित पत्रों के अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति गहरी अभिरुचि पैदा करना।
12. विद्यार्थियों को विभिन्न शोध प्रविधियों से अवगत कराना।
13. शोध एवं प्रकाशन नैतिकता के अध्ययन से विद्यार्थियों को शोध के दार्शनिक और नैतिक पक्ष से अवगत कराना।
14. भाषा और साहित्य में मात्रात्मक और गुणात्मक अनुसंधान के बारे में विद्यार्थियों को परिचित कराना।
15. विद्यार्थियों को पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में विद्यमान रोज़गार की संभावनाओं से परिचित कराना।
16. साहित्य में चल रहे विमर्शों के माध्यम से नवीन विमर्शों के महत्त्व के प्रति छात्रों में जागरूकता का प्रसार।
17. साहित्य के तुलनात्मक अध्ययन तथा प्रवासी साहित्य अध्ययन को प्रोत्साहित करना।
18. विद्यार्थियों को अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों का विश्लेषण करने और एक अनुसंधान परियोजना लिखने में सक्षम बनाना।
19. साहित्य अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता को संवर्धित करना।
20. साहित्य के महत्व और उसकी सार्थकता को स्पष्ट करना।
21. उच्च शिक्षा में शोध की महत्ता और शोध के क्षेत्र में अवदान के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा शोध के प्रति आकर्षण पैदा करना।
22. साहित्य के आस्वादन और मूल्यांकन से सम्बंधित विवेक को जागृत करना।
23. इंटर्नशिप कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षित करना।

पाठ्यक्रम की उपलब्धियाँ [Programme Outcomes (POs)]

1. विद्यार्थी हिंदी साहित्य के अध्ययन के माध्यम से उसके इतिहास, साहित्यिक रूपों, विविध विधाओं तथा भाषा का ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से वे आदिकालीन, मध्यकालीन और आधुनिककालीन कवियों एवं रचनाकारों की कृतियों का अध्ययन-विश्लेषण तथा इनसे सम्बंधित शोध कार्य की तैयारी कर सकेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थी राष्ट्रीय चेतना तथा देशप्रेम के विविध आयामों से सम्बंधित साहित्य से परिचित हो सकेंगे। इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थियों में समावेशी और समता की

भावना का विकास होगा तथा भारतीय साहित्य के समग्र अध्ययन से उनमें बहुसांस्कृतिकता और बहुभाषिकता के प्रति सम्मान विकसित होगा। इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से वे एक आदर्श नागरिक के रूप में विकसित होंगे तथा एक बेहतर समाज बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे और इस प्रकार देश के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे सकेंगे। कंप्यूटर ज्ञान तथा वेब ज्ञान के माध्यम से विद्यार्थी ज्ञान के अन्यान्य स्रोतों से जुड़ सकेंगे तथा उनका लाभ उठा सकेंगे।

2. इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थियों में सृजनात्मक कल्पनाशीलता तथा नवीन विचारों की उद्भावना होगी जिसके माध्यम से वे साहित्य और समाज के मूल्यों को समझने में समर्थ होंगे। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी रचनात्मक लेखन के आवश्यक गुणों का अध्ययन करते हुए साहित्य की विविध विधाओं की आधारभूत संरचनाओं के व्यावहारिक पक्ष को समझने में पारंगत हो सकेंगे, इसी के साथ शोध कार्य में प्रकाशन नैतिकता, उसके महत्व तथा शोध सम्बंधित प्रायोगिक कार्य भी कर सकेंगे।

3. इस पाठ्यक्रम के अध्ययनोपरांत विद्यार्थी साहित्यशास्त्रीय कला-विधान तथा साहित्य की विभिन्न विधाओं के रचनात्मक सौंदर्य को आत्मसात कर सकेंगे। समय-समय पर उद्भावित साहित्यशास्त्रीय आलोक में काव्य-सौंदर्य के विभिन्न तत्वों से परिचित हो सकेंगे। विद्यार्थी भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य के विभिन्न साहित्यशास्त्रीय सिद्धांतों और विचारधाराओं को समझने में सक्षम हो सकेंगे। इस प्रक्रिया में कंप्यूटर तथा वेब स्रोतों से प्राप्त सामग्री उनके ज्ञान में वृद्धि करेगी।

4. विद्यार्थी हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल के विभिन्न काव्यान्दोलनों, विमर्शों, आलोचना की परंपरा और दृष्टियाँ, लोक-साहित्य एवं प्रवासी साहित्य की अवधारणा, भारतीय साहित्य की अवधारणा और उसके स्वरूप से अवगत हो सकेंगे। इसी के साथ विद्यार्थी लेखन कौशल के विविध रूपों, भाषागत रचनात्मक सन्दर्भों, व्याकरणिक विधानों, अनुवाद, भाषिक एवं तकनीकी रूपान्तरणों तथा शोध की प्रविधियों एवं उपकरणों इत्यादि से परिचित हो सकेंगे। विद्यार्थी पारम्परिक एवं आधुनिक संचारमाध्यमों के लेखन व संपादन विधि का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे तथा राजभाषा हिंदी की विभिन्न प्रयुक्तियों, प्रयोजनमूलक पक्षों और मीडिया आयामों को समझने में समर्थ हो सकेंगे।

पाठ्यक्रम की विशिष्ट उपलब्धियाँ Programme Specific Outcomes (PSOs)

PSO1. विद्यार्थी हिंदी साहित्य के इतिहास, रचनाकारों, रचनाओं के मूल तत्त्वों एवं विचार-सरणियों का कालानुक्रम के अनुसार अध्ययन तथा भारतीय साहित्य का भी अध्ययन कर सकेंगे। वे अवधारणात्मक सिद्धांतों, विधागत सन्दर्भों, क्षेत्रीय-राष्ट्रीय चेतनागत विमर्शों तथा वैचारिकी आदि का अध्ययन कर सकेंगे तथा शोध कार्य के माध्यम से अपना बहुआयामी विकास एवं बौद्धिक मूल्य संवर्द्धन करने में सक्षम हो सकेंगे। राजभाषा हिंदी के विभिन्न प्रावधानों तथा हिंदी पोर्टलों पर उपलब्ध ज्ञान से भी अवगत हो सकेंगे।

PSO2. हिंदी साहित्य के विभिन्न पाठों, विधाओं और मौलिक कृतियों के सृजनात्मक, संज्ञानात्मक तथा आलोचनात्मक पक्षों से अवगत होते हुए विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में मानवीय एवं लोकतान्त्रिक मूल्यों की स्थापना एवं प्रतिष्ठा कर पाने में समर्थ हो सकेंगे।

PSO3. विद्यार्थी भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य-शास्त्र के सिद्धांतों और विचारों का अध्ययन कर सकेंगे। हिंदी साहित्य की रचनाधर्मिता और जनपक्षधरता को सामाजिक-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य के आलोक में जान सकेंगे तथा इतिहास एवं लोक-परम्परा में अनुस्यूत वृत्तांतों, दृष्टान्तों और मिथकीय चेतनागत वैशिष्ट्य को समझ सकेंगे। शोध की प्रक्रिया में वे शोध नैतिकता जैसे महत्वपूर्ण विषय का भी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी इन्हीं गुण-धर्मों के साथ शोध आलेख लेखन का कार्य कर सकेंगे।

PSO4. विद्यार्थी लेखन कौशल के विविध रूपों, रचनात्मक सन्दर्भों, व्याकरणिक विधानों, अनुवाद, भाषिक एवं तकनीकी रूपान्तरणों तथा कंप्यूटर ज्ञान इत्यादि का रोजगारपरक दृष्टिकोण से अंतरानुशासनिक तथा नवाचारी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। शोध उपकरणों के बारे में भी विद्यार्थी अवगत हो सकेंगे।

PSO5. विद्यार्थियों में मानवीय गुणों का विकास होगा तथा वे हिंदी साहित्य के मूल्य-बोध को आत्मसात करेंगे। वे सामाजिक जीवन और व्यक्तिगत जीवन में भूमिका-निर्वाह की दृष्टि से सार्वजनीन एवं उदात्त गुणधर्म सीख एवं जान सकेंगे।

मॉडल -1
दो वर्षीय परास्नातक (शोध) के लिए पाठ्यक्रम संरचना

इस मॉडल के अंतर्गत परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्र प्रथम एवं द्वितीय सत्र की पढ़ाई के पश्चात 40 क्रेडिट प्राप्त कर यदि पाठ्यक्रम को छोड़ देते हैं तो ऐसे छात्रों को परास्नातक में डिप्लोमा की उपाधि दी जाएगी। शेष छात्र तृतीय एवं चतुर्थ सत्रों में कुल 40 क्रेडिट की शोध परियोजना पूर्ण करेंगे। ऐसे छात्रों को शोध सहित परास्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी।

NCrF क्रेडिट स्तर	सत्र	पाठ्यक्रम का शीर्षक	पाठ्यक्रम का स्तर	क्रेडिट	कुल क्रेडिट	अधिकतम अंक			क्रेडिट वितरण	संवाद अवधि
						आतंरिक	सत्रांत परीक्षा	कुल	L: T: P	
6	**प्रथम**	HIN-101-CC-5110 हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक)	400	4	**20**	20	80	100	3:1:0	120
		HIN-101-CC-5120 आदिकालीन साहित्य एवं निर्गुण भक्ति काव्य	400	4		20	80	100	3:1:0	120
		HIN-101-CC-5130 भारतीय काव्य शास्त्र	400	4		20	80	100	3:1:0	120
		HIN-101-CC-5140 कहानी एवं अन्य गद्य विधाएँ	400	4		20	80	100	3:1:0	120
		HIN-101-RC-5110 शोध प्रविधि/ समकक्ष MOOC's पाठ्यक्रम	500	4		20	80	100	3:1:0	120
	द्वितीय	HIN-101-CC- 5210 हिंदी साहित्य का इतिहास: आधुनिक काल	400	4	**20**	20	80	100	3:1:0	120
		HIN-101-DE-52010 सगुण भक्ति काव्य एवं रीति काव्य	500	4		20	80	100	3:1:0	120
		HIN-101-DE-52020 आधुनिक काव्य	500	4		20	80	100	3:1:0	120
		HIN-101-DE-52030 हिन्दी नाटक एवं निबंध	500	4		20	80	100	3:1:0	120

		HIN-101-RC-5210 शोध एवं प्रकाशन नैतिकता/ समकक्ष MOOC's पाठ्यक्रम	400	4		20	80	100	1:1:2	120
			कुल क्रेडिट (एक वर्ष)		**40**					
	इस मॉडल के अंतर्गत परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी प्रथम एवं द्वितीय सत्र की पढ़ाई के पश्चात 40 क्रेडिट प्राप्त कर यदि पाठ्यक्रम को छोड़ देते हैं तो ऐसे छात्रों को परास्नातक में डिप्लोमा की उपाधि दी जाएगी। शेष छात्र तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में कुल 40 क्रेडिट की शोध परियोजना पूर्ण करेंगे। ऐसे छात्र जो कुल 80 क्रेडिट अर्जित करेंगे, उन्हें शोध सहित परास्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी।								
6.5	**तृतीय** **चतुर्थ**	HIN-101-RP-6110- शोध परियोजना	500	40	**40**	-	-	500	0:0:4	1200
			कुल क्रेडिट		**80**					

प्रथम सत्र

प्रथम सत्र

HIN-101-CC-5110

हिन्दी साहित्य का इतिहास

(आदिकाल से रीतिकाल तक)

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को साहित्य के इतिहास दर्शन, इतिहास लेखन की पद्धतियाँ, समस्याएँ, हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा, काल विभाजन, सीमा-निर्धारण और नामकरण की जानकारी प्राप्त होगी।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी आदिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि, परिस्थितियों, प्रवृत्तियों एवं विभिन्न धाराओं तथा आदिकालीन साहित्य की भाषा से अवगत हो सकेंगे।

LO3. विद्यार्थी भक्ति-आन्दोलन के उद्भव और विकास, पृष्ठभूमि, परिस्थितियों, प्रवृत्तियों, भक्ति के अखिल भारतीय स्वरूप और उसका अन्त: प्रादेशिक वैशिष्ट्य, भक्ति साहित्य की विभिन्न धाराओं तथा भाषा दृष्टि एवं काव्य भाषा का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

LO4. विद्यार्थी रीतिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि, परिस्थितियों, प्रवृत्तियों, रीति की अवधारणा तथा रीतिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराओं से अवगत हो सकेंगे तथा रीतिकालीन साहित्य की काव्य भाषा तथा अभिव्यंजना शिल्प को जान सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को साहित्य के इतिहास दर्शन, इतिहास लेखन की पद्धतियाँ, समस्याएँ, हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा, काल विभाजन, सीमा-निर्धारण और नामकरण की जानकारी हुई।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी आदिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि, परिस्थितियों, प्रवृत्तियों एवं विभिन्न धाराओं तथा आदिकालीन साहित्य की भाषा से अवगत हुए।

CO3. विद्यार्थी भक्ति-आन्दोलन के उद्भव और विकास, पृष्ठभूमि, परिस्थितियों, प्रवृत्तियों, भक्ति के अखिल भारतीय स्वरूप और उसका अन्त:प्रादेशिक वैशिष्ट्य, भक्ति साहित्य की विभिन्न धाराओं तथा भाषा दृष्टि एवं काव्य भाषा का ज्ञान प्राप्त किया।

CO4. विद्यार्थी रीतिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि, परिस्थितियों, प्रवृत्तियों, रीति की अवधारणा तथा रीतिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराओं से अवगत हुए तथा रीतिकालीन साहित्य की काव्य भाषा तथा अभिव्यंजना शिल्प को भी जान सके।

इकाई	विषय	संवाद अवधि (घंटों में)	उपलब्धियाँ (Course Outcome)
1	साहित्य का इतिहास दर्शन और इतिहास लेखन की पद्धतियां; साहित्येतिहास लेखन की समस्याएँ; हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा, हिन्दी साहित्य का इतिहास: काल विभाजन, सीमा-निर्धारण और नामकरण।	30	C1
2	आदिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियां; रासो साहित्य, नाथ साहित्य, जैन साहित्य, बौद्ध-सिद्ध साहित्य; अमीर खुसरो की हिन्दी कविता एवं लोक काव्य; आदिकालीन साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियां; आदिकालीन साहित्य की भाषा।	30	C2
3	भक्ति-आन्दोलन : उद्भव और विकास; भक्तिकाल की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियां; भक्ति का अखिल भारतीय स्वरूप और उसका अन्त:प्रादेशिक वैशिष्ट्य; भक्ति साहित्य की विभिन्न धाराएं- संत काव्य, सूफी काव्य, कृष्ण काव्य; राम काव्य; परिचय, प्रवृत्तियां, प्रमुख रचनाएं और रचनाकार, भक्तिकालीन साहित्य और लोकजागरण, भक्तिकालीन कवियों की भाषा दृष्टि एवं काव्य भाषा।	30	C3
4	रीतिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियां; रीति की अवधारणा और रीति रीतिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराएं : सामान्य परिचय, रचनाएं, रचनाकार एवं प्रमुख प्रवृत्तियां; रीतिकालीन काव्य भाषा एवं अभिव्यंजना शिल्प।	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	3	3	1	3	2	2	1	2
CO2	3	3	3	1	3	2	2	1	2
CO3	3	3	2	1	3	2	2	1	3
CO4	3	3	3	1	3	2	2	1	2
Average	3	3	2.75	1	3	2	2	1	2.25

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश :

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके लिए विकल्प भी होंगे। 15x4=60

2. प्रत्येक इकाई से टिप्पणी पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 5x4= 20

सहायक ग्रंथ :

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास - रामचन्द्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी
2. हिन्दी साहित्य की भूमिका - हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
3. हिन्दी साहित्य का आदिकाल - हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली

4. हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास - हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
5. हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास - डॉ. बच्चन सिंह, नेशनल पब्लिशिंग हाउस,दिल्ली
6. हिन्दी साहित्य का अतीत : भाग 1, 2 - विनय प्रसाद मिश्र, वाणी वितान, ब्रहमनाल, वाराणसी
7. हिन्दी साहित्य का इतिहास - सं. नगेन्द्र नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली
8. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास - डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती, इलाहाबाद
9. हिन्दी साहित्य बीसवीं शताब्दी - आ. नन्ददुलारे वाजपेयी, लोकभारती, इलाहाबाद
10. हिन्दी साहित्य का इतिहास दर्शन - नलिन विलोचन शर्मा, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना
11. हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास (प्रथम एवं द्वितीय खण्ड) - डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
12. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास - डॉ. रामकुमार वर्मा, लोकभारती
13. साहित्य और इतिहास दर्शन - डॉ. मैनेजर पाण्डेय
14. साहित्य की समाजशास्त्रीय भूमिका - डॉ. मैनेजर पाण्डेय
15. आलम (हिंदी कवि) - भवदेव पाण्डेय , साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
16. कबीर - प्रभाकर माचवे, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
17. केशवदास - जगदीश गुप्त, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
18. चंडीदास - सुकुमार सेन, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
19. गोस्वामी तुलसीदास - रामजी तिवारी, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
20. गोरखनाथ - नागेन्द्र नाथ उपाध्याय, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
21. घनानन्द - लल्लन राय, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

प्रथम सत्र

HIN-101-CC-5120

आदिकालीन साहित्य एवं निर्गुण भक्ति काव्य

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी सरहपा और चंदबरदाई की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन कर सकेंगे, साथ ही उनके काव्यगत वैशिष्ट्य तथा अन्य आलोचनात्मक पक्षों से भी अवगत हो सकेंगे।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी विद्यापति और जायसी की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन करेंगे, साथ ही उनके काव्यगत वैशिष्ट्य तथा अन्य आलोचनात्मक पक्षों से अवगत हो सकेंगे।

LO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी कबीर और शंकरदेव की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन करेंगे, साथ ही उनके काव्यगत वैशिष्ट्य तथा अन्य आलोचनात्मक पक्षों से अवगत हो सकेंगे।

LO4. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी रैदास और दादू की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन करेंगे, साथ ही उनके काव्यगत वैशिष्ट्य तथा अन्य आलोचनात्मक पक्षों से अवगत हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने सरहपा और चंदबरदाई की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन किया, साथ ही उनके काव्यगत वैशिष्ट्य तथा अन्य आलोचनात्मक पक्षों से अवगत हुए।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने विद्यापति और जायसी की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन किया, साथ ही उनके काव्यगत वैशिष्ट्य तथा अन्य आलोचनात्मक पक्षों से अवगत हुए।

CO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने कबीर और शंकरदेव की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन किया, साथ ही उनके काव्यगत वैशिष्ट्य तथा अन्य आलोचनात्मक पक्षों से अवगत हुए।

CO4. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने रैदास और दादू की चयनित कविताओं की व्याख्या और समीक्षा का अध्ययन किया, साथ ही उनके काव्यगत वैशिष्ट्य तथा अन्य आलोचनात्मक पक्षों से अवगत हुए।

इकाई	विषय	संवाद अवधि (घंटों में)	उपलब्धियाँ (Course Outcome)
1	**सरहपा** सिद्ध साहित्य का अन्त:प्रादेशिक प्रभाव, सिद्ध साहित्य और सरहपा, सरहपा का काव्यगत वैशिष्ट्य। पाठ्य पुस्तक आदिकालीन काव्य, सं.- वासुदेव सिंह; विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी। पाठांश- दोहा कोश से दोहा संख्या – 1,2,5,6,7,9,11,12,13 तथा 14	30	C1

	चंदबरदाई पृथ्वीराज रासो की प्रामाणिकता; शशिव्रता विवाह प्रस्ताव का प्रतिपाद्य; शशिव्रता विवाह प्रस्ताव का काव्यगत वैशिष्ट्य; रासो की काव्य-भाषा। पाठ्य पुस्तक - पृथ्वीराज रासो, सं.- हजारीप्रसाद द्विवेदी, डॉ. नामवर सिंह पाठांश: छंद सं. 1 से 18 तक		
2	**विद्यापति** गीतिकाव्य परम्परा और विद्यापति पदावली; पदावली में भक्ति और शृंगार; विद्यापति की सौन्दर्य दृष्टि तथा विद्यापति का काव्यगत वैशिष्ट्य। पाठ्य पुस्तक- विद्यापति पदावली; सं.- डॉ. शिव प्रसाद सिंह पाठांश–पद संख्या-1 से 8, 10, 16, 18, 26, 51, 53, 54, 56, 57, 58 तथा 60 **जायसी** सूफी काव्य परम्परा और जायसी; नागमती वियोग वर्णन; पद्मावत का प्रेम-वर्णन; जायसी का काव्यगत वैशिष्ट्य। पाठ्य पुस्तक – जायसी ग्रन्थावली; सं.- रामचन्द्र शुक्ल पाठांश: नागमती वियोग खण्ड, पाठांश पद सं.- 4 से 15 तक	30	C2
3	**कबीर** सन्त-काव्य और कबीर; कबीर की भक्ति-भावना; कबीर-काव्य का सामाजिक पक्ष, कबीर की दार्शनिक-चेतना। पाठ्य पुस्तक – कबीर: हजारीप्रसाद द्विवेदी, पाठांश-पद : 1, 2, 33, 41, 123, 130, 134, 160, 163, 168, 191, 199, 224, 247, 256 **शंकरदेव** शंकरदेव: व्यक्तित्व और कृतित्व; भक्ति का अखिल भारतीय स्वरूप और शंकरदेव; शंकरदेव की भक्ति; शंकरदेव की काव्य–भाषा और ब्रजावली। पाठ्य पुस्तक : शंकरदेव : व्यक्तित्व एवं कृतित्व- भूपेन्द्रराय चौधरी पाठांश-पद सं. : पुस्तक में संकलित पाँचों बरगीत	30	C3
4	**रैदास** रैदास की भक्ति-भावना; रैदास की सामाजिक चेतना, रैदास का दर्शन, रैदास की काव्यगत विशेषताएँ। पाठ्य पुस्तक – रैदास बानी ; सं. शुकदेव सिंह ; विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी। पाठांश-पद सं.: 41, 42, 46, 58, 62, 66, 71, 72, 75, 82 **दादू दयाल** सन्त काव्य और दादू की रचनाएँ; दादू की शिष्य परम्परा; दादू का दार्शनिक वैशिष्ट्य; दादू-काव्य का भाषिक वैशिष्ट्य। पाठ्य पुस्तक – संत-काव्य; सं.- परशुराम चतुर्वेदी; किताब महल, इलाहाबाद। पाठांश-पद सं. : प्रारम्भ से पाँच पद।	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	3	3	2	3	3	3	1	3
CO2	3	3	3	2	3	3	3	1	3
CO3	3	3	3	2	3	3	3	1	3
CO4	3	3	3	2	3	3	3	1	3
Average	3	3	3	2	3	3	3	1	3

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश :

1. प्रत्येक इकाई से व्याख्या पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 8×4=32
2. प्रत्येक इकाई से आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 12×4= 48

सहायक ग्रंथ:

1. हिन्दी साहित्य का आदिकाल - डॉ हजारीप्रसाद द्विवेदी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना।
2. पृथ्वीराज रासो: भाषा और साहित्य - डॉ. नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
3. कबीर - हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
4. कबीर बीजक की भाषा - डॉ. शुकदेव सिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
5. जायसी - विजयदेव नारायण साही, हिन्दुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद।
6. सूफीमत: साधना और साहित्य - डॉ. रामपूजन तिवारी, ज्ञानमंडल, काशी।
7. मध्यकालीन धर्म साधना - डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी, साहित्य भवन, इलाहाबाद।
8. नाथ पंथ और संत साहित्य - डॉ. नगेन्द्रनाथ उपाध्याय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रकाशन।
9. संत साहित्य की समझ - डॉ. नन्द किशोर पाण्डेय, यश पब्लिकेशन, दिल्ली।
10. मध्यकालीन काव्य आन्दोलन - डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र
11. साहित्य विमर्श का विवेक - डॉ. सुशील कुमार शर्मा, मीनाक्षी प्रकाशन, दिल्ली।
12. मधुमालती में प्रेम-व्यंजना - डॉ. सुशील कुमार शर्मा, उपहार प्रकाशन, दिल्ली।
13. शंकरदेव: साहित्यकार और विचारक - प्रो. कृष्णनारायण प्रसाद मागध।
14. दादूपन्थ: साहित्य और समाज दर्शन - डॉ. ओकेन लेगो; यश पब्लिकेशन, दिल्ली।
15. विद्यापति: अनुशीलन और मूल्यांकन - डॉ. वीरेन्द्र श्रीवास्तव, बिहार ग्रन्थ अकादमी, पटना।
16. सामाजिक समरसता में मुसलमान हिन्दी कवियों का योगदान - डॉ. लखनलाल खरे, रजनी प्रकाशन, दिल्ली।
17. हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योगदान - डॉ. नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
18. लोहित के मानसपुत्र : शंकरदेव - सांवरमल सांगानेरिया; हेरिटेज फाउंडेशन
19. जगनिक - अयोध्या प्रसाद कुमुद, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
20. दादूदयाल - रामबक्ष, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

21. पुष्पदंत - योगेन्द्र नाथ शर्मा‘अरुण’, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
22. रहीम - विजयेन्द्र स्नातक, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
23. रैदास - धर्मपाल मैनी, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
24. विद्यापति - रमानाथ झा, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
25. स्वयंभू - सदानन्द शाही, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
26. सरहपा - विश्वम्भर नाथउपाध्याय, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
27. संत कवि दादू - बलदेव बंशी
28. विद्यापति - लालसा यादव

प्रथम सत्र

HIN-101-CC-5130

भारतीय काव्य शास्त्र

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. इस पत्र के अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थी भारतीय काव्यशास्त्र के संक्षिप्त इतिहास, काव्य लक्षण, हेतु, प्रयोजन, प्रकार, गुण-दोष, शब्द शक्तियों और काव्य भेद से परिचित हो सकेंगे।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी रस की अवधारणा, रस निष्पत्ति संबंधी विभिन्न अवधारणाओं तथा साधारणीकरण की अवधारणा से परिचित हो सकेंगे।

LO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी ध्वनि सिद्धांत, रीति सिद्धांत, वक्रोक्ति सिद्धांत तथा औचित्य सिद्धांत की परिभाषा, अवधारणा और भेदों से परिचित हो सकेंगे।

LO4. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी अलंकार सिद्धांत की अवधारणा, प्रमुख अलंकारों की परिभाषा एवं उनके उदाहरण को समझ सकेंगे। वे विभिन्न छंदों की परिभाषा, तत्व, वर्गीकरण एवं प्रमुख छंदों के लक्षण एवं उदाहरण से भी परिचित हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थी भारतीय काव्यशास्त्र के संक्षिप्त इतिहास, काव्य लक्षण, हेतु, प्रयोजन, प्रकार, गुण दोष, शब्द शक्तियों और काव्य भेद से अवगत हुए।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को रस की अवधारणा, रस निष्पत्ति संबंधी विभिन्न अवधारणाओं तथा साधारणीकरण की अवधारणा की जानकारी प्राप्त हुई।

CO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी ध्वनि सिद्धांत, रीति सिद्धांत, वक्रोक्ति सिद्धांत तथा औचित्य सिद्धांत की परिभाषा, अवधारणा और भेदों से परिचित हुए।

CO4. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी अलंकार सिद्धांत की अवधारणा, प्रमुख अलंकारों की परिभाषा एवं उनके उदाहरण को समझ सके। वे विभिन्न छंदों की परिभाषा, तत्व, वर्गीकरण एवं प्रमुख छंदों के लक्षण एवं उदाहरण से भी परिचित हुए।

इकाई	विषय	संवाद अवधि (घंटों में)	उपलब्धियाँ (Course Outcome)
1	भारतीय काव्यशास्त्र का संक्षिप्त इतिहास; प्रमुख आचार्यों का परिचय; काव्य लक्षण; काव्य हेतु; काव्य प्रयोजन; काव्य के प्रकार; काव्य के गुण-दोष; शब्द-शक्तियाँ; काव्य-भेद।	30	C1
2	**रस सिद्धान्त :** रस: अवधारणा; रस निष्पत्ति: भट्ट लोल्लट; भट्ट शंकुक; भट्टनायक; अभिनवगुप्त; साधारणीकरण की अवधारणा: भट्टनायक; अभिनवगुप्त; रामचन्द्र शुक्ल;	30	C2

	डॉ. नगेन्द्र।		
3	**विभिन्न काव्य सिद्धान्त :** ध्वनि सिद्धान्त: ध्वनि की परिभाषा तथा उसका भेद; ध्वनि सिद्धांत की मूल स्थापनाएं: रीति सिद्धान्त: रीति सिद्धान्त की मूल स्थापनाएं;रीति का अर्थ; रीति के भेद: वक्रोक्ति सिद्धान्त: वक्रोक्ति की अवधारणा; वक्रोक्ति के भेद: औचित्य सिद्धान्त: औचित्य की अवधारणा तथा उसके भेद।	30	C3
4	**अलंकार सिद्धांत :** अलंकार सिद्धान्त की अवधारणा, अलंकारों का सोदाहरण परिचय –अनुप्रास, श्लेष, प्रतीप, निदर्शना, अप्रस्तुत प्रशंसा, काव्यलिंग, विभावना, अपह्नुति, रूपकातिशयोक्ति तथा विरोधाभास। **छन्द :** छन्द की परिभाषा और तत्व, छन्दों का वर्गीकरण; काव्य में छन्दों का महत्व। अग्रांकित छन्दों के लक्षण और उदाहरण- वंशस्थ, वसन्ततिलका, मन्दाक्रान्ता, शार्दूलविक्रीड़ित, कवित्त, दोहा, चौपाई, हरिगीतिका, कुण्डलिया तथा छप्पय।	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	2	3	3	2	3	2	3	3	1
CO2	2	3	3	2	3	2	3	3	1
CO3	2	3	3	2	3	2	3	3	1
CO4	2	3	3	2	3	2	3	3	1
Average	2	3	3	2	3	2	3	3	1

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश:

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 15x4= 60
2. प्रत्येक इकाई से टिप्पणी पूछी जाएगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 5x4=20

सहायक ग्रंथ

1. हिस्ट्री आफ संस्कृत पोयटिक्स - पी.बी. काणे, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।
2. साहित्य शास्त्र - गणेश त्र्यम्बक देशपाण्डे, पापुलर बुक डिपो, पूना।
3. भारतीय काव्यशास्त्र - सत्यदेव चौधरी।
4. काव्यशास्त्र की भूमिका - डॉ. नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
5. भारतीय काव्यशास्त्र के नये क्षितिज - डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
6. रस सिद्धान्त - डॉ. नगेन्द्र
7. हिन्दी काव्य शास्त्र का इतिहास - भगीरथ मिश्र
8. काव्य शास्त्र - भगीरथ मिश्र, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।

9. साहित्य शास्त्र और काव्य भाषा - डॉ. सियाराम तिवारी।
10. काव्य समीक्षा - डॉ. विक्रमादित्य राय।
11. लिटेरेरी क्रिटिसिज्म - राय एण्ड द्विवेदी, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली।
12. नई समीक्षा के प्रतिमान - डॉ. निर्मला जैन
13. काव्य के तत्व - देवेन्द्रनाथ शर्मा, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
14. साहित्य मीमांसा के आयाम - डॉ. श्याम शंकर सिंह, साहित्य सहकार, दिल्ली।
15. सुगम भारतीय काव्यशास्त्र - डॉ. धर्मदेव तिवारी शास्त्री, चन्द्रमुखी प्रकाशन, दिल्ली
16. काव्यशास्त्र विमर्श - डॉ. कृष्ण प्रसाद नारायण मागध, वाणी प्रकाशन, दिल्ली
17. पंडितराज जगन्नाथ - पी. रामचंद्रुु , साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
18. मम्मट - जगन्नाथ पाठक, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
19. राजशेखर - प्रभुनाथ द्विवेदी, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
20. क्षेमेन्द्र - ब्रजमोहन चतुर्वेदी, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
21. संस्कृत काव्यशास्त्र और काव्य परम्परा - राधावल्लभ त्रिपाठी

प्रथम सत्र

HIN-101-CC-5140

कहानी एवं अन्य गद्य विधाएँ

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी राजेंद्र बाला घोष, माधवराव सप्रे, प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, जैनेंद्र तथा फणीश्वरनाथ रेणु की चयनित कहानियों के प्रतिपाद्य को जान सकेंगे तथा समीक्षा कर सकेंगे, साथ ही रचनाकारों की कहानी कला से परिचित हो सकेंगे।

LO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी निर्मल वर्मा, अज्ञेय, भीष्म साहनी, कृष्णा सोबती, शेखर जोशी तथा ज्ञानरंजन की चयनित कहानियों के प्रतिपाद्य को जान सकेंगे तथा समीक्षा कर सकेंगे, साथ ही रचनाकारों की कहानी कला से परिचित हो सकेंगे।

LO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी चयनित रेखाचित्रों और संस्मरणों के प्रतिपाद्य को जान सकेंगे तथा समीक्षा कर सकेंगे।

LO4. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी विष्णु प्रभाकर द्वारा लिखित जीवनी 'आवारा मसीहा' के प्रतिपाद्य को जान सकेंगे तथा समीक्षा कर सकेंगे, साथ ही जीवनी साहित्य के तत्वों से भी परिचित हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी राजेंद्र बाला घोष, माधवराव सप्रे, प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, जैनेंद्र तथा फणीश्वरनाथ रेणु की चयनित कहानियों के प्रतिपाद्य को जान सके तथा समीक्षा की, साथ ही रचनाकारों की कहानी कला से परिचित हुए।

CO2. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी निर्मल वर्मा, अज्ञेय, भीष्म साहनी, कृष्णा सोबती, शेखर जोशी तथा ज्ञानरंजन की चयनित कहानियों के प्रतिपाद्य को जान सके तथा समीक्षा की, साथ ही रचनाकारों की कहानी कला से परिचित हुए।

CO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी चयनित रेखाचित्रों और संस्मरणों के प्रतिपाद्य को जान सके तथा समीक्षा की।

CO4. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी विष्णु प्रभाकर द्वारा लिखित जीवनी 'आवारा मसीहा' के प्रतिपाद्य को जान सके तथा समीक्षा की, साथ ही जीवनी साहित्य के तत्वों से भी परिचित हुए।

इकाई	विषय	संवाद अवधि (घंटों में)	उपलब्धियाँ (Course Outcome)
1	**कहानी** राजेन्द्र बाला घोष (बंग महिला) : दुलाईवाली माधवराव सप्रे : एक टोकरी भर मिट्टी प्रेमचंद : दुनिया का सबसे अनमोल रतन	30	C1

	जयशंकर प्रसाद : आकाशदीप जैनेन्द्र : अपना-अपना भाग्य फणीश्वरनाथ रेणु : लाल पान की बेगम		
2	**कहानी** निर्मल वर्मा : परिन्दे अज्ञेय : गैंग्रीन भीष्म साहनी : अमृतसर आ गया कृष्णा सोबती : सिक्का बदल गया शेखर जोशी : कोसी का घटवार ज्ञानरंजन : पिता	30	C2
3	**रेखाचित्र और संस्मरण** (क). अतीत के चलचित्र : महादेवी वर्मा पाठ्य रचनाएँ : रामा; भाभी (ख). माटी की मूरतें : रामवृक्ष बेनीपुरी पाठ्य रचनाएँ : बलदेव सिंह; सरजू भैया (ग). संस्मरण और रेखाचित्र : सं.- उर्मिला मोदी ; अनुराग प्रकाशन, वाराणसी पाठ्य रचना : महाकवि जयशंकर प्रसाद- शिवपूजन सहाय	30	C3
4	**जीवनी** आवारा मसीहा (विद्यार्थी संस्करण) : विष्णु प्रभाकर	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	2	3	1	3	2	2	1	3	2
CO2	2	3	1	3	2	2	1	3	2
CO3	2	3	1	3	2	2	1	3	2
CO4	2	3	1	3	2	2	1	3	2
Average	2	3	1	3	2	2	1	3	2

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश:

1. प्रत्येक इकाई से व्याख्या पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 8×4=32
2. प्रत्येक इकाई से आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 12×4=48

सहायक ग्रंथः-

1. हिन्दी कहानी का विकास - मधुरेश, लोकभारती , दिल्ली।
2. हिन्दी कहानी का इतिहास, भाग-I, II,III और IV - गोपाल राय, राजकमल, दिल्ली
3. हिन्दी कहानी: पहचान और परख - इन्द्रनाथ मदान
4. कहानी : नई कहानी - डॉ. नामवर सिंह, लोकभारती, इलाहाबाद।
5. नई कहानी: संदर्भ और प्रकृति - सं. देवीशंकर अवस्थी, राजकमल, दिल्ली।
6. समकालीन हिन्दी साहित्य : विविध परिदृश्य - रामस्वरूप चतुर्वेदी,राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
7. हिन्दी जीवनी साहित्य: सिद्धान्त और अध्ययन - डॉ. भगवानशरण भारद्वाज, परिमल प्रकाशन
8. हिन्दी गद्य का विकास - डॉ. रामचन्द्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन।
9. निर्मल वर्मा - कृष्णदत्त पालीवाल, साहित्य अकादेमी
10. प्रेमचन्द - कमलकिशोर गोयनका, साहित्य अकादेमी
11. फणीश्वर नाथ 'रेणु' - सुरेन्द्र चौधरी, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
12. भीष्म साहनी - रमेश उपाध्याय, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
13. अज्ञेय का कथा साहित्य - चंद्रकांत बान्दिवडेकर
14. शेखर जोशी: कुछ जीवन की कुछ लेखन की - नवीन जोशी, नवारुण प्रकाशन
15. शेखर जोशी : कथा समग्र - नवीनचन्द्र जोशी

प्रथम सत्र

HIN-101-RC-5110

शोध प्रविधि

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

उद्देश्य - Learning Objective (LOs)

LO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी अनुसंधान के अर्थ, स्वरूप, प्रकार, अनुसंधान और आलोचना के सम्बन्ध तथा अनुसंधानकर्ता के गुणों आदि से अवगत हो सकेंगे।

LO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी अनुसंधान की विभिन्न प्रविधियों, यथा - ऐतिहासिक, समाजशास्त्रीय, पाठानुसन्धान,भाषा वैज्ञानिक, तुलनात्मक तथा सर्वेक्षणात्मक अनुसंधान प्रविधि से अवगत हो सकेंगे।

LO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी क्षेत्र सर्वेक्षण, प्रश्नावली निर्माण एवं अनुसूची, साक्षात्कार, पर्यवेक्षण, वैयक्तिक अध्ययन पद्धति (केस अध्ययन विधि), निदर्शन सिद्धांत, सारणीयन, विषयवस्तु विश्लेषण, एकांश लेखन एवं विश्लेषण से परिचित हो सकेंगे, साथ ही हस्तलेखों के संकलन और उनके उपयोग की विधि को जान सकेंगे।

LO4. विद्यार्थी शोध के विभिन्न सोपानों तथा शोध-प्रारूप के निर्माण एवं लेखन की विधियों से भली-भाँति परिचित हो सकेंगे।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी अनुसंधान के अर्थ, स्वरूप, प्रकार, अनुसंधान और आलोचना के सम्बन्ध तथा अनुसंधानकर्ता के गुणों आदि से अवगत हुए।

CO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान की विभिन्न प्रविधियों, यथा - ऐतिहासिक, समाजशास्त्रीय, पाठानुसन्धान,भाषा वैज्ञानिक, तुलनात्मक तथा सर्वेक्षणात्मक अनुसंधान प्रविधि का ज्ञान प्राप्त हुआ।

CO3. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी क्षेत्र सर्वेक्षण, प्रश्नावली निर्माण एवं अनुसूची, साक्षात्कार, पर्यवेक्षण, वैयक्तिक अध्ययन पद्धति (केस अध्ययन विधि), निदर्शन सिद्धांत, सारणीयन, विषयवस्तु विश्लेषण, एकांश लेखन एवं विश्लेषण से परिचित हुए, साथ ही हस्तलेखों के संकलन और उनके उपयोग की विधियों को जान सके।

CO4. विद्यार्थी शोध के विभिन्न सोपानों तथा शोध-प्रारूप के निर्माण एवं लेखन की विधियों से भली-भाँति परिचित हुए।

इकाई	विषय	संवाद अवधि	उपलब्धियाँ (Course Outcome)
1	अनुसंधानः अर्थ एवं स्वरूप ; साहित्यिक अनुसंधान, सामाजिक अनुसंधान एवं वैज्ञानिक अनुसन्धान; अनुसंधान के प्रकार : स्वतन्त्र अनुसन्धान, संस्थागत अनुसन्धान, साहित्यिक शोध के प्रकार, तथ्यानुसन्धान और तथ्य परीक्षण, अनुसंधान और आलोचना, अनुसंधानकर्ता के गुण।	30	C1
2	अनुसंधान प्रविधियां : ऐतिहासिक अनुसंधान प्रविधि; समाजशास्त्रीय अनुसंधान प्रविधि;पाठानुसन्धान प्रविधि; भाषा वैज्ञानिक अनुसंधान प्रविधि; तुलनात्मक अनुसंधान प्रविधि; सर्वेक्षणात्मक अनुसंधान प्रविधि।	30	C2
3	क्षेत्र सर्वेक्षण, प्रश्नावली निर्माण एवं अनुसूची, साक्षात्कार, पर्यवेक्षण, वैयक्तिक अध्ययन पद्धति (केस अध्ययन विधि), निदर्शन सिद्धांत, सारणीयन, विषयवस्तु विश्लेषण, एकांश लेखन एवं विश्लेषण, हस्तलेखों का संकलन और उनका उपयोग।	30	C3
4	शोध के सोपान, शोध प्रबंध लेखन एवं प्रस्तुति : शोध प्रबन्ध का शीर्षक; परिकल्पना; रूपरेखा निर्माण; अध्यायीकरण; भूमिका लेखन; विषय सूची; विषयवस्तु ; संदर्भ लेखन ; उद्धरण : उपयोग और प्रस्तुति; संदर्भोल्लेख तथा पाद टिप्पणी; उद्देश्य, उपसंहार; परिशिष्ट ; आधार ग्रंथ; सन्दर्भ ग्रन्थ; सहायक ग्रन्थ; पत्र-पत्रिकाएं।	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	3	2	2	1	3	2	2	1	3
CO2	2	3	1	3	2	2	1	3	2
CO3	2	3	1	3	2	2	1	3	2
CO4	2	3	1	3	2	2	1	3	2
Average	2.25	2.75	1.25	2.50	2.25	2	1.25	2.50	2.25

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

निर्देश:

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 15x4= 60

2. प्रत्येक इकाई से टिप्पणी पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 5x4= 20

सहायक ग्रंथ:

1. शोध प्रविधि - विनयमोहन शर्मा, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली
2. साहित्यिक अनुसंधान के प्रतिमान - एस. एन. गणेशन, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद,
3. साहित्यिक अनुसंधान के प्रतिमान - देवराज उपाध्याय
4. शोध और सिद्धान्त - नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली
5. हिन्दी अनुसंधान - विजयपाल सिंह, राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली
6. अनुसंधान की प्रक्रिया - सं. सावित्री सिन्हा तथा विजयेन्द्र स्नातक
7. अनुसंधान की प्रविधि और प्रक्रिया - राजेन्द्र मिश्र, तक्षशिला प्रकाशन, दिल्ली
8. अनुसंधान का स्वरूप - सं. सावित्री सिन्हा
9. शोध प्रविधि - रामगोपाल शर्मा दिनेश, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर
10. पाठानुसंधान - डॉ. सियाराम तिवारी, विशाल पब्लिकेशन, पटना
11. शोध प्रविधि – रामकुमार खण्डेलवाल, चन्द्रकान्त रावत, जवाहर पब्लिकेशन, मथुरा
12. अनुसन्धान के विविध आयाम – रवीन्द्र कुमार जैन, शशिभूषण सिंहल राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
13. शोध प्रविधि – डॉ. हरिश्चन्द्र वर्मा, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकुला
14. साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका - मैनेजर पाण्डेय
15. पाण्डुलिपि विज्ञान - रामगोपाल शर्मा 'दिनेश'
16. The Literary Thesis - George Watson, Longman.
17. How to Write Assignments Research Topics, Dissertations and Thesis – V.H.Bedekar, Kanak Publications,New Delhi.
18. The Art of Literary Research - R. D Altik, Newyork.
19. Introduction to Research - T. Helway.
20. The Methodology of Field Investigation in Linguistics. - A. E. Kilerik.

द्वितीय सत्र

द्वितीय सत्र

संवाद-अवधि	: 120
क्रेडिट	: 4
पूर्णांक	: 100
अभ्यन्तर	: 20
सत्रांत परीक्षा	: 80

HIN-101-CC- 5210

हिंदी साहित्य का इतिहास: आधुनिक काल

उद्देश्य : Learning Objective (LOs)

LO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी हिंदी साहित्य के इतिहास के आधुनिक काल की पृष्ठभूमि, परिस्थितियों और 1857 की क्रांति, पुनर्जागरण, आधुनिकता बोध, भारतेंदु युग के अवदान और भारतेंदु मंडल के कवियों की काव्य भाषा और मूल चेतना से परिचित हो सकेंगे।

LO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को द्विवेदी युगीन हिंदी नवजागरण और सरस्वती पत्रिका, राष्ट्रीय काव्य धारा के प्रमुख कवि, स्वच्छंदतावाद और द्विवेदी युगीन कविता की इतिवृत्तात्मकता की जानकारी प्राप्त होगी।

LO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी छायावाद की पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियों और सैद्धांतिकी से परिचित हो सकेंगे। वे प्रमुख छायावादी कवियों की रचनाओं और उनकी काव्य कला का अध्ययन कर सकेंगे।

LO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को छायावादोत्तर काव्य आंदोलनों की जानकारी प्राप्त होगी।

उपलब्धियां – Course Outcome (COs)

CO1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी हिंदी साहित्य के इतिहास के आधुनिक काल की पृष्ठभूमि, परिस्थितियों और 1857 की क्रांति, पुनर्जागरण, आधुनिकता बोध, भारतेंदु युग के अवदान और भारतेंदु मंडल के कवियों की काव्य भाषा और मूल चेतना से परिचित हुए।

CO2. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को द्विवेदी युगीन हिंदी नवजागरण और सरस्वती पत्रिका, राष्ट्रीय काव्य धारा के प्रमुख कवि, स्वच्छंदतावाद और द्विवेदी युगीन कविता की इतिवृत्तात्मकता की जानकारी प्राप्त हुई।

CO3. इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी छायावाद की पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियों और सैद्धांतिकी से परिचित हुए। वे प्रमुख छायावादी कवियों की रचनाओं और उनकी काव्य कला का अध्ययन कर सके।

CO4. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को छायावादोत्तर काव्य आंदोलनों की जानकारी प्राप्त हुई।

इकाई	विषय	संवाद अवधि (घंटों में)	उपलब्धियाँ (Course Outcome)
1	आधुनिक काल की पृष्ठभूमि: सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियाँ; 1857 की क्रांति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण; आधुनिकता बोध का विकास, हिन्दी काव्य को भारतेन्दु युग का अवदान; भारतेन्दु मण्डल के कवि तथा अन्य कवि; काव्य भाषा की चेतना और भारतेन्दु युग; भारतेन्दु युगीन कविता की मूल चेतना और विशेषताएँ।	30	C1
2	द्विवेदी युग : महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनका युग, हिन्दी नवजागरण और सरस्वती,	30	C2

	राष्ट्रीय काव्यधारा के प्रमुख कवि, स्वच्छन्दतावाद और उसके प्रमुख कवि; द्विवेदी युगीन कविता की इतिवृत्तात्मकता।		
3	छायावाद : पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियां और सैद्धांतिकी; आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, नंददुलारे वाजपेयी, नगेन्द्र, नामवर सिंह, रामविलास शर्मा; प्रमुख छायावादी कवि और उनका काव्य; छायावादकालीन अन्य कवि और उनका काव्य; नवजागरण और छायावाद; छायावादी काव्य-भाषा का स्वरूप।	30	C3
4	छायावादोत्तर काव्यान्दोलन और काव्य : प्रगतिवाद; प्रयोगवाद; नई कविता; अकविता; नवगीत; जनवादी कविता; समकालीन कविता; दलित-चेतना, स्त्री-चेतना और जनजातीय चेतना की कविताएं।	30	C4
कुल संवाद-अवधि		**120**	

	PO1	PO2	PO3	PO4	PSO1	PSO2	PSO3	PSO4	PSO5
CO1	2	3	1	3	2	2	1	3	2
CO2	2	3	1	3	2	2	1	3	2
CO3	2	3	1	3	2	2	1	3	2
CO4	2	3	1	3	2	2	1	3	2
Average	2	3	1	3	2	2	1	3	2

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि ।

निर्देश :

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनके विकल्प भी होंगे। 15x4= 60

2. प्रत्येक इकाई से टिप्पणी पूछी जायेगी, जिसके विकल्प भी होंगे। 5x4=20

सहायक ग्रंथ :

1 . हिन्दी साहित्य का इतिहास - रामचन्द्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।
2. हिन्दी साहित्य की भूमिका - हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
3. हिन्दी साहित्य का आदिकाल - हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
4. हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास - हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल, दिल्ली।
5. हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास - डॉ. बच्चन सिंह, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
6. हिन्दी साहित्य का अतीत : भाग 1,2 - विनय प्रसाद मिश्र, वाणी वितान, ब्रहमनाल, वाराणसी।
7. हिन्दी साहित्य का इतिहास - सं. नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
8. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास - डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती, इलाहाबाद।
9. हिन्दी साहित्य: बीसवीं शताब्दी - नन्ददुलारे वाजपेयी, लोकभारती प्रका. इलाहाबाद।

10. हिन्दी साहित्य का इतिहास दर्शन - नलिन विलोचन शर्मा, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना।
11. हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास
प्रथम एवं द्वितीय खंड - डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त, लोकभारती प्रका, इलाहाबाद।
12. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास - रामकुमार वर्मा
13. हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास - सुमन राजे, ज्ञानपीठ, दिल्ली
14. हिन्दी साहित्य : बीसवी शताब्दी - नन्द दुलारे वाजपेयी
15. हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष - शिवदान सिंह चौहान
16. झारखण्ड : अन्धेरे से साक्षात्कार - डॉ. अभिषेक कुमार यादव, मीडिया स्टडीज, नई दिल्ली
17. भारतेंदु हरिश्चन्द्र - मदनगोपाल, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
18. महावीर प्रसाद द्विवेदी - नंदकिशोर नवल, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली
